Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 10 दिसंबर, 2021

अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस

भ्रष्टाचार के संबंध में जागरूकता को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसका मुकाबला करने हेतु प्रतिवर्ष 09 दिसंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस' का आयोजन किया जाता है। **संयुक्त राष्ट्र महासभा** (UNGA) ने 31 अक्तूबर, 2003 को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कन्वेंशन को अपनाया था। इसी वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भ्रष्टाचार को रोकने और कन्वेंशन के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष 09 दिसंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस' के रूप में भी नामित किया था। कन्वेंशन दिसंबर 2005 में लागू हुआ। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने से रोज़गार सृजित करने, लैंगिक समानता की दिशा में महत्त्वपूर्ण प्रगति करने और स्वास्थ्य देखभाल एवं शिक्षा जैसी आवश्यक सेवाओं तक व्यापक पहुँच हासिल करने में मदद मिल सकती है। 'अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस-2021' का विषय है 'आपका अधिकार, आपकी भूमिका: भ्रष्टाचार को ना कहें।' इस थीम का उद्देश्य सभी हितधारकों जैसे- राज्य, सरकारी अधिकारी, सिविल सेवक, कानून प्रवर्तन अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, निजी क्षेत्र, नागरिक समाज, शिक्षा, जनता और युवाओं आदि को भ्रष्टाचार से निपटने में एक साथ लाना है।

लेज़र कम्युनिकेशंस रिले डिमॉन्स्ट्रेशन

हाल ही में **नासा** ने फ्लोरिडा में केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से अपना नया 'लेज़र कम्युनिकेशंस रिले डिमॉन्स्ट्रेशन' (LCRD)- नासा की पहली लेज़र संचार प्रणाली- लॉन्च किया है। 'लेज़र कम्युनिकेशंस रिले डिमॉन्स्ट्रेशन' एजेंसी को अंतरिक्ष में ऑप्टिकल संचार का परीक्षण करने में मदद करेगा। वर्तमान में नासा के अधिकांश अंतरिक्ष यान डेटा भेजने के लिये रेडियो फ्रीक्वेंसी संचार का उपयोग करते हैं। यह प्रणाली ऑप्टिकल संचार रेडियो फ्रीक्वेंसी सिस्टम की तुलना में बैंडविड्थ को 10 से 100 गुना अधिक बढ़ाने में मदद करेगी। 'लेज़र कम्युनिकेशंस रिले डिमॉन्स्ट्रेशन' में दो ऑप्टिकल टर्मिनल शामिल हैं- एक उपयोगकर्त्ता अंतरिक्ष यान से डेटा प्राप्त करने के लिये और दूसरा ग्राउंड स्टेशनों पर डेटा संचारित करने के लिये। मॉडेम डिजिटल डेटा को लेज़र सिग्नल में ट्रांसलेट करेगा। इसके बाद इसे प्रकाश के एन्कोडेड बीम के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। ज्ञात हो कि 'लेज़र कम्युनिकेशन' और 'रेडियो तरंगें' प्रकाश की विभिन्न तरंग दैर्ध्य का उपयोग करती हैं। लेज़र अवरक्त प्रकाश का उपयोग करता है और रेडियो तरंगों की तुलना में इनका तरंग दैर्ध्य कम होता है। इससे कम समय में अधिक डाटा ट्रांसफर करने में मदद मिलती है।

मानवाधिकार दिवस

विश्व भर में लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को **मानवाधिकार दिवस** का आयोजन किया जाता है। इस दिवस के आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य एक आदर्श विश्व के निर्माण में मानवधिकारों के महत्त्व को रेखांकित करना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर, 1948 को पेरिस में मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (UDHR) को अपनाया था, जो कि मानवाधिकारों की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ है। वर्ष 2021 के लिये इस दिवस की थीम 'इक्वलिटी, रीड्यूसिंग इनइक्वलिटी, एडवांसिंग ह्यूमन राइट्स' है। यह थीम मानवाधिकारों की रक्षा के लिये समानता और गैर-भेदभाव के सिद्धांतों को बढ़ावा देती है। सरल शब्दों में कहें तो मानवाधिकारों का आशय ऐसे अधिकारों से है जो जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, भाषा, धर्म या किसी अन्य आधार पर भेदभाव किये बिना सभी को प्राप्त होते हैं। मानवाधिकारों में मुख्यतः जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार तथा काम एवं शिक्षा का अधिकार आदि शामिल हैं।

'शी इज़ ए चेंजमेकर' कार्यक्रम

हाल ही में **राष्ट्रीय महिला आयोग** (NCW) ने महिला राजनेताओं के लिये 'शी इज़ ए चेंजमेकर' कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक सभी स्तरों पर महिला प्रतिनिधियों के लिये अखिल भारतीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम है, जिसमें राजनीतिक कार्यकर्त्ता और राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के राजनीतिक दलों के पदाधिकारी शामिल हैं। 'शी इज़ ए चेंजमेकर' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ज़मीनी स्तर की महिला राजनीतिक नेताओं के नेतृत्व और निर्णय लेने के कौशल एवं भाषण तथा लेखन कौशल सहित उनके संचार कौशल में सुधार करना है। 'शी इज़ ए चेंजमेकर' कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय राजनीति में महिलाओं को बराबरी का स्थान प्रदान करना और ऐसी महिलाओं की मदद करना है, जो राजनीति में अपनी पहचान बनाना चाहती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-10-december-2021